समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी, कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया मे निकली 147 पदों पर भर्ती।

Publisher

Published on 16 May 2025




## कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया मे 147 पदों पर भर्ती निकली है. जिनके लिए उम्मीदवार आधिकारिक साइट पर जाकर आवेदन कर सकते है.

सरकारी नौकरी का सपना हर युवा देखता है और जब ऐसा मौका मिलता है, तो उसे हाथ से जाने नहीं देना चाहिए. ऐसा ही एक शानदार मौका कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (**CCIL**) ने दिया है. सीसीआईएल ने 147 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं. इस भर्ती की प्रक्रिया 9 मई 2025 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक उम्मीदवार 24 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं.

भर्ती के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे. जो भी उम्मीदवार पात्रता रखते हैं, वे CCIL की आधिकारिक वेबसाइट **cotcorp.org.in** पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं. ऑफलाइन या किसी अन्य माध्यम से भेजे गए फॉर्म मान्य नहीं होंगे.

इस भर्ती अभियान के तहत कई तरह के पदों पर भर्ती की जा रही है, जिसमें जूनियर कॉमर्शियल एग्जीक्यूटिव, जूनियर असिस्टेंट (कॉटन टेस्टिंग लैब), मैनेजमेंट ट्रेनी मार्केटिंग और मैनेजमेंट ट्रेनी अकाउंट्स शामिल हैं.

**जरूरी पात्रता कितनी ?**

अगर योग्यता की बात करें तो, उम्मीदवार के पास पदानुसार डिप्लोमा, सीए, सीएमए, एमबीए या एग्रीकल्चर में बीएससी जैसी योग्यताएं होनी चाहिए. आयु सीमा की बात करें तो अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 30 वर्ष होनी चाहिए.

हालांकि, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी. उम्र की गणना 9 मई 2025 को आधार मानकर की जाएगी.

### इतना देना है आवेदन शुल्क

आवेदन शुल्क की बात करें तो **जनरल, ओबीसी** और **ईडब्ल्यूएस** वर्ग के उम्मीदवारों को 1500 रुपये का भुगतान करना होगा. वहीं **एससी, एसटी** और **पीएच** वर्ग के उम्मीदवारों को 500 रुपये शुल्क देना होगा.

### कैसे करे आवेदन

आवेदन करने के लिए उम्मीदवार सबसे पहले CCIL की वेबसाइट पर जाएं. वहां "**Recruitment**" सेक्शन में उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें. इसके बाद "**To Register**" बटन पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करें और मांगी गई जानकारी भरें. रजिस्ट्रेशन के बाद "**Already Registered**? **To Login**" ऑप्शन से लॉगइन करके बाकी की जानकारी भरें, दस्तावेज अपलोड करें और आवेदन शुल्क जमा करें. उम्मीदवार फॉर्म सबमिट करने के बाद उसका प्रिंट आउट अपने पास रख लें.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.